# REAP परियोजना की HPC बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 18.03.2025 को अपराह्न 5.00 बजे श्रीमती राधा रतूड़ी, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, HPC/Steering Committee की अध्यक्षता में मुख्य सचिव सभागार, सचिवालय, देहरादून में की पंचम HPC की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:–

<u>उपस्थित सदस्यों/प्रतिनिधि का विवरण</u> :–

1. अपर मुख्य सचिव, जलागम के प्रतिनिधि, श्री हिमांशु खुराना, अपर सचिव, जलागम–सदस्य।
2. अपर मुख्य सचिव, सचिव कार्मिक के प्रतिनिधि, श्री ललित मोहन रयाल, अपर सचिव कार्मिक, उत्तराखण्ड शासन –सदस्य।
3. प्रमुख सचिव, वन के प्रतिनिधि श्री विनीत कुमार, अपर सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन–सदस्य।
4. सचिव, नियोजन के प्रतिनिधि, श्री आनन्द स्वरूप, अपर सचिव, नियोजन, उत्तराखण्ड शासन –सदस्य।
5. सचिव, कृषि व उद्यान के प्रतिनिधि, श्री आनन्द श्रीवास्तव, अपर सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन–सदस्य।
6. सचिव, वित्त के प्रतिनिधि श्री ए0एस0चौहान, अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन –सदस्य।
7. सचिव पशुपालन के प्रतिनिधि, निदेशक, पशुपालन, डा0 नीरज सिंघल –सदस्य।
8. आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि श्री ए0के0राजपूत, उपायुक्त प्रशिक्षण–सदस्य।
9. सचिव, ग्राम्य विकास/मुख्य परियोजना निदेशक, UGVS-REAP के प्रतिनिधि अपर सचिव, ग्राम्य विकास, श्री मनुज गोयल–सदस्य सचिव।

<u>अन्य आमंत्रियों की उपस्थिति का विवरण</u> :–

1. उपायुक्त (परियोजना), ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड, श्री नरेश कुमार।
2. निदेशक, वित्त UGVS-REAP, डा0 तंजीम अली।
3. अपर निदेशक, श्री राजकुमार, नियोजन विभाग।
4. उप निदेशक, मानव संसाधन व प्रशिक्षण, UGVS-REAP, श्री एम0एस0यादव।

ग्रामोत्थान परियोजना (Rural Enterprise Acceleration Project-REAP) के परियोजना निदेशक, UGVS-REAP द्वारा अध्यक्ष महोदया की अनुमति से सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है :–

## कार्यवृत्त बिन्दु संख्या 1– पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टिः–

Rural Enterprise Acceleration Project-REAP (ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना) की HPC की दिनांक 18.09.2024 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा अवलोकन कर उक्त कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

## कार्यवृत्त बिन्दु संख्या 2– पिछली बैठक के निर्देशों का अनुपालनः–

पिछली बैठक में पारित निर्णयों पर अनुपालन आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति द्वारा अवलोकन कर अनुपालन की स्थिति से संतुष्टि व्यक्त की गई।

## कार्यवृत्त बिन्दु संख्या 3– REAP परियोजना हेतु वर्ष 2024–25 की संशोधित वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदनः–

सदस्यगणों को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु रु0 635.25 करोड़ के संशोधित लक्ष्यों के सापेक्ष फरवरी, 2025 तक रु0 442.41 करोड़ (69.65%) की प्रगति हुई है। प्रगति का घटक व उपघटकवार विवरण समिति के समक्ष निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया–

(धनराशि रु0 करोड़ में)

| Components | संशोधित बजट 2024-25 | प्रगति | % |
|---|---|---|---|
| **Component 1 Inclusive cluster development** | | | |
| Sub-component 1.1.1 Livelihoods diversification and enterprise development | 100.36 | 54.83 | 54.63% |
| Sub-component 1.1.2 Livelihoods diversification and enterprise development | 71.25 | 12.70 | 17.82% |
| Sub-component 1.2.Institutionalstrengthening of CBOs and partnerships | 62.82 | 36.96 | 58.83% |
| **Sub Total 1** | **234.43** | **104.48** | **44.57%** |
| **Component 2 Ecosystem and enabling services for enterprise development** | | | |
| Sub-component 2.1 Strengthening Support Services and market infrastructure | 55.11 | 0.28 | 0.51% |
| Sub-component 2.2 Rural Finance Services | 307.08 | 315.22 | 102.65% |
| **Sub Total 2** | **326.19** | **315.50** | **87.11%** |
| **Component 3 Project Management, M&E & KM** | **38.62** | **22.43** | **58.08%** |
| **Grand Total** | **635.25** | **442.41** | **69.65%** |

समिति को यह भी अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में लोक सभा चुनाव के लिए 2 माह से अधिक के समय हेतु आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करने एवं Management Consunltant Firm (MCF) onboard न होने तथा IFAD का Procurement Process लम्बा होने के कारण उपरोक्तानुसार प्रगति 70% है। वर्तमान में MCF onboard हो गयी है एवं माह अप्रैल 2025 से MCF द्वारा कार्य प्रारम्भ किया जायेगा, जिसके बाद प्रगति बेहतर होगी।

**उपरोक्त Component 1 व Component 2 की प्रगति की कुल धनराशि रू0 442.41 करोड में रू0 17.06 करोड़ Convergence व रू0 16.74 करोड़ लाभार्थी अंशदान का एवं रू0 315.22 करोड़ की बैंक फाइनेन्सिंग शामिल है।**

## कार्यवृत्त बिन्दु संख्या 4– वर्ष 2025–26 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदनः–

समिति को अवगत कराया गया कि IFAD से चर्चा कर ग्रामोत्थान परियोजना (REAP) हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए **रू० 668.75 करोड** की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट (AWP&B) तैयार किया गया है। उक्त को समिति के समक्ष निम्नानुसार घटकवार प्रस्तुत किया गयाः–

(धनराशि रु0 करोड़ में)

| COMPONENT/ SUB COMPONENT | | | AMOUNT (INR in Cr.) | IFAD | GOUK | PVT | CONV | BANK | BEN |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | INCLUSIVE CLUSTER DEVELOPMENT | | | | | | | | |
| | 1.1.1 | Livelihoods diversification and enterprise development [A] | 101.86 | 43.83 | 2.42 | . | 27.75 | 16.05 | 11.79 |
| | 1.1.2 | Livelihoods diversification and enterprise development [B] | 8.69 | 41.13 | 2.40 | . | 11.55 | 22.35 | 9.54 |
| | 1.2 | Institutional strengthening of CBOs and partnerships | 67.64 | 48.44 | 5.61 | 0.58 | - | - | 13.00 |
| Sub Total 1 | | | 256.49 | 133.41 | 10.44 | 0.58 | 39.30 | 38.40 | 34.34 |
| 2 | Ecosysem and Enabing Services for Enterprise Development | | | | | | | | |
| | 2.1 | Support services and market infrastructure | 55.38 | 25.11 | 4.44 | 0.78 | - | 1.95 | 23.10 |
| | 2.2 | Rural financial services | 316.95 | 10.02 | 0.47 | - | 36.75 | 269.71 | - |
| Sub Total 2 | | | 372.34 | 35.13 | 4.91 | 0.78 | 36.75 | 271.66 | 23.10 |
| 3 | PROJECT MANAGEMENT, MONITORING & KM | | 39.91 | 30.60 | 9.30 | - | - | - | - |
| Grand Total | | | 668.75 | 199.15 | 24.66 | 1.36 | 76.05 | 310.07 | 57.44 |

उपरोक्त का उपघटक एवं गतिविधिवार विवरण पृथक से समिति को अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा उपरोक्त वर्ष 2025–26 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया।

## कार्यवृत्त बिन्दु सं0 : 5– REAP परियोजना में प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना 2025–26 अन्तर्गत मुख्य कार्यों का अनुमोदनः–

REAP परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना 2025–26 अन्तर्गत मुख्य कार्यों का विवरण वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु समिति के समक्ष निम्नानुसार प्रस्तुत किया गयाः–

| क्र०सं० | गतिविधि का विवरण | धनराशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 175 कलस्टर लेवल फेडरेशन हेतु क्लाईमेट स्मार्ट कृषि (CSA) का बीज बैंक स्थापना। | 10.50 | 175 कलस्टर लेवल फेडरेशन के किसानों हेतु को CSA बीज बैंक की स्थापना की जायेगी। |
| 2 | 1000 ग्राम संगठनों (VO) की महिला कृषकों की Drudgery Reduction हेतु राष्ट्रीय निविदा के माध्यम से उनको छोटे व उन्नत कृषि/उद्यान यंन्त्र उपलब्ध कराना। | 5.00 | महिला कार्य बोझ कम कर महिलाओं द्वारा उद्यम के लिए समय बचत से लखपति दीदी बनाने में सहयोग मिलेगा |
| 3 | 500 पशुसखी हेतु मोबाइल फोन एवं उपचार हेतु छोटा किट क्रय कर उपलब्ध कराना। | 1.25 | A-Help हेतु प्रशिक्षित पशुसखी के उपयोग हेतु किट एवं फोन दिया जायेगा। |
| 4 | 175 कलस्टर लेवल फेडरेशन के स्तर पर पशुओं हेतु चारा व साईलेज के लिये चारा बीजों का बीज बैंक स्थापित करना। | 3.06 | 175 कलस्टर लेवल फेडरेशन के किसानों को Fodder की कमी को दूर करने के लिए बीज बैंक स्थापित किया जायेगा। |
| 5 | 350 कलस्टर लेवल फेडरेशन से जुड़े किसानों द्वारा Silage बनाने हेतु बैग उपलब्ध कराना। | 7.00 | हरे चारे की कमी के सीजन में साईजेल बनाने हेतु 350 कलस्टर लेवल फेडरेशन से जुड़े किसान लाभान्वित होंगे। |
| 6 | प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से Stand Alone Training आयोजित कराना। | 04.31 | परियोजना क्षेत्र के प्रगतिशील युवाओं को प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा Stand Alone Training प्रदान करना। |
| 7 | 80 CBO level Enterprise स्थापित किये जान हेतु Private Sector Individual and Companies का PMU/DMU स्तर से निविदा के द्वारा चयन। | 25.13 | परियोजना क्षेत्र में Private Sector Individual and Companies द्वारा स्थापित उद्यमों में सथानीय किसानों को Backward और Forward linkage में जोड़कर छोटे उद्यम स्थापित कराना। |
| 8 | FPO के लिए बिजनेस प्रमोशन एजेन्सी का निविदा द्वारा चयन। | 01.30 | FPO की Hand holding व बिजनेस प्रमोशन में सहयोग हेतु एजेन्सी रखी जायेगी। |
| 9 | Fresh Produce, Staples एवं Mountain Honey value chain के लिए तकनीकी एवं प्रशिक्षण एजेन्सी का निविदा द्वारा चयन। | 03.20 | परियोजना क्षेत्र में तकनीकी एवं प्रशिक्षण एजेन्सी के माध्यम से Fresh Produce, Staples एवं Mountain Honey value chain की स्थापना। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | 13 Agribusiness Service Center का निर्माण। | 3.90 | Agri Service Center द्वारा SHG के सदस्यों को कृषि सेवा केन्द्र के माध्यम से बिजनेस कियाकलापों में प्रयुक्त होन वाली सेवाओं की कलस्टर स्तर उपलब्धता। |
| 11 | 250 CLF द्वारा डाटा रखरखाव एवं उनके कार्यालय हेतु 250 कम्प्यूटर, प्रिन्टर व UPS निविदा/GeM द्वारा क्रय। | 2.50 | REAP की गतिविधियों व बिजनेस सम्बन्धी डाटा एवं पत्राचार में उपयोग हेतु। |
| 12 | 835 कृषि आधारित व्यक्तिगत उद्यम स्थापना। | 13.85 | व्यक्तिगत लाभार्थियों द्वारा बैंक से प्रस्ताव पारित होने पर 30% परियोजना से सहयोग देगें। |
| 13 | 955 गैर कृषि आधारित व्यक्तिगत उद्यम स्थापना। | 19.00 | व्यक्तिगत लाभार्थियों द्वारा बैंक से प्रस्ताव पारित होने पर 30% परियोजना सहयोग। |
| 14 | 128 सामुदायिक और CLF स्तरीय उद्यम स्थापना। | 32.64 | बैंक फाइनेन्स के साथ सामुदायिक स्तर पर उद्यम स्थापना में 60% परियोजना सहयोग। |
| 15 | 257 CLF हेतु बिजनेस Inventory Tracking Software | 0.64 | डाटा रखरखाव हेतु। |
| 16 | CLF हेतु 165 Collection Centre निर्माण। | 33.00 | कार्यालय तथा संग्रहण केन्द्र स्थापना हेतु। |
| 17 | उपासक अन्तर्गत 200 बैंक मित्र को रखना एवं उनको Task आधारित भुगतान तथा टेबलेट क्रय। | 0.53 | उद्यम स्थापना में बैंक फाइनेन्स का सहयोग हेतु। |
| 18 | 13 Sustainable Development Goals Labs स्थापना। | 1.30 | ज्ञान केन्द्रों के रूप में Labs कार्य करेगीं। |
| 19 | मिड टर्म सर्वे एजेन्सी रखना। | 0.50 | परियोजना के MTR हेतु। |

**परियोजना निदेशक, UGVS- REAP द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि** i) Silage को बनाने तथा उसको पर्वतीय क्षेत्र में ढुलान कर subsidy पर लाभार्थियों को उपलब्ध कराने में राज्य सरकार के व्यय को कम करने के उद्देश्य से परियोजना अन्तर्गत लाभार्थियों को Silage बैग दिए जा रहे हैं तथा Silage बनाने का प्रशिक्षण पन्तनगर यूनिवर्सिटी से दिलाया जा रहा है ताकि सुदूर क्षेत्रों में ग्रामीण स्वयं Silage बना सकें।

ii) FPO के लिए बिजनेस प्रमोशन एजेन्सी के कार्यो और परियोजना अन्तर्गत MCF के कार्यो की Overlapping के मध्यनजर उक्त एजेन्सी की Hiring हेतु संशोधित RFP तैयार कर निर्गत किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

iii) CLF स्तर पर Climate Smart Agriculture (CSA) को प्रोत्साहित करने एवं उसका प्रबन्धन स्थानीय समुदाय द्वारा करने के उद्देश्य से बीज बैंक स्थापित करने तथा CLF स्तर पर Revolving Fund से उन्नत बीजों का प्रबन्धन कर सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में समिति को जानकारी दी गयी। उक्त पर मुख्य सचिव महोदया द्वारा निर्देश दिए गए कि Seed Development का मुख्य कार्य तराई बीज विकास निगम (TDC) का है जिसमें अपेक्षित प्रगति नहीं आ पायी। यह भी निर्देश दिए गए कि राज्य में Seed Development पर Focus करने हेतु एक Independent Working Group का गठन किया जाय जिसमें पन्तनगर विश्वविद्यालय तथा विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (VPKAS) से भी सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। उक्त Working Group के द्वारा Seed Development के सम्बन्ध में सभी Stakeholders से समन्वय करते हुए Seed Development के कार्यक्रम को Lead किया जाएगा। उचित होगा कि इस प्रकार का Working Group कृषि विभाग के तत्वाधान में स्थापित किया जाय।

iv) CLF को Inventory Tracking एवं बिजनेस Planning हेतु Tally Software उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

**परियोजना निदेशक, UGVS- REAP द्वारा उपरोक्त जानकारी/सुझावों पर समिति द्वारा निम्नांकित निर्देश दिए गए :–**

1. REAP के उत्तरकाशी जनपद की मां गंगा CLF, नेताला अन्तर्गत Nehru Institute of Mountaining (NIM) से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा संचालित माउंटेन ट्रेकिंग टीम की विडियोग्राफी करायी जाय तथा इस प्रकार की गतिविधि को बढ़ावा दिया जाय।
2. Stand Alone प्रशिक्षणों में मशरूम हेतु प्रशिक्षण को शामिल किया जाय तथा टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए टूरिस्ट गाइड, ट्रेकिंग पोर्टर, होमस्टे आदि के प्रशिक्षण कराये जाय।
3. सीड बैंक में मिलेट्स के बीजों का शामिल किया जाय तथा मिलेट्स बीज के लिए अलग से Sub Project बनाकर कार्य किया जाय जो कि एनिमिंया के उन्मूलन में भी लाभकारी होगा।
4. Sustainable Development Goals Labs स्थापना के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्देश दिए गए कि जनपदों की Ranking कर जिला संख्या अधिकारियों को शामिल करते हुए Labs को इस प्रकार से विकसित किया जाय ताकि वे Capacity Building और ज्ञान संवर्धन हेतु Catalyst का कार्य कर सकें।

समिति द्वारा उपरोक्त निर्देशों के साथ उक्त तालिका में कम सं0 1 से 19 तक उल्लिखित गतिविधियों हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

एजेन्डा के बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त परियोजना निदेशक, **UGVS-REAP** द्वारा अध्यक्ष महोदया की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थित प्रतिनिधिगण व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।

(राधा रतूड़ी) **IAS**
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन/
अध्यक्ष–HPC, UGVS- REAP

(मनुज गोयल) **IAS**
परियोजना निदेशक, UGVS- REAP

**उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति (UGVS)**
**ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (REAP)**
**(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड सरकार)**
216, फेज़–II, पंडितवाड़ी, देहरादून–248007, दूरभाष–0135–2773800 email: info@ugvs.org

पत्रांक: 529 /5-HPC-REAP/2024–25 दिनांक 27/3/2025

प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, जलागम, उत्तराखण्ड शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, कार्मिक, उत्तराखण्ड शासन।
4. प्रमुख सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन।
5. प्रमुख सचिव, नियोजन, उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
7. सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
8. सचिव, कृषि व उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
9. सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
10. आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड।
11. समस्त जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी, उत्तराखण्ड।

(मनुज गोयल) **IAS**
परियोजना निदेशक, UGVS- REAP